दैनिक ट्रिब्यून
The Tribune ਪੰਜਾਬੀ ਟ੍ਰਿਬਿਊਨ

# Adulterated Food Items : नकली पनीर और घी पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, बापूधाम कॉलोनी में 450 किलो नकली पनीर जब्त

Chandigarh Action Mode : शहर में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर नकेल कसते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने बुधवार सुबह एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मुख्य सचिव के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य सचिव-सह-आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने सेक्टर-26 स्थित बापूधाम कॉलोनी में अचानक छापा मारा और मौके से लगभग 450 किलो पनीर जब्त किया।

यह पनीर मकान नंबर 714/2 की दुकान में संग्रहीत था और एक पिकअप वाहन में भी भरा हुआ मिला। संदेहास्पद गुणवत्ता को देखते हुए पनीर, देसी घी और दही के नमूने जब्त किए गए, जिन्हें एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा गया है। परिणाम यदि मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://www.dainiktribuneonline.com/news/chandigarh/adulterated-food-items-administration-takes-big-action-against-fake-cheese-and-ghee-450-kg-fake-cheese-seized-in-bapu-dham-colony/